तापमान
अधिकतम 14 .5 डिग्री
न्यूनतम 10 .5 डिग्री

हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, शुक्रवार 2 जनवरी 2026

12 बीएससी नर्सिंग व पोस्ट बेसिक बीएससी...

12 अंडरपास की मांग को लेकर 15 तक का अल्टीमेटम

## खबर संक्षेप

### भवन निर्माण मजदूर संघ डीसी को देगा ज्ञापन

**बरवाला।** भवन निर्माण मजदूर संघ संबंधित भारतीय मजदूर संघ जिला कार्यकारिणी की संघ कार्यालय बहबलपुर के प्रांगण में बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता जिला मंत्री राहुल बिश्नोई ने की। बैठक का मुख्य मुद्दा 6 जनवरी को हिसार में उपायुक्त के मार्फ़त मुख्यमंत्री को मजदूर लगभग 8 महीने से बंद साइड के विरोध में ज्ञापन सौपेंगे। मौके पर मुख्य वक्ता प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष रोहतास ग्रोवर, जिलाध्यक्ष सीताराम, कोषाध्यक्ष प्रदीप कापड़ो, रमेश कुमार, शमशेर, रमन मेहरा, राममेहर हेबतपुर, सोनू आदि मौजूद रहे।

### रोटरी क्लब ने नववर्ष का किया स्वागत

**बरवाला।** रोटरी क्लब शाखा बरवाला ने वर्ष 2025 को अलविदा कहा और नव वर्ष- 2026 को दौलतपुर रोड पर स्थित पंजाबी धर्मशाला के प्रांगण में हर्षोउल्लास के साथ मनाया। क्लब के प्रधान ओमप्रकाश वधवा ने बताया कि इस कार्यक्रम के प्रोजेक्ट चैयरमेन वरिष्ठ रोटेरियन डॉ सुरेन्द्र कक्कड़ और पूर्व अध्यक्ष रोटेरियन सोमू रहेजा रहे। मौके पर डॉ अभिषेक सरदाना, कोषाध्यक्ष अमन मेहता, सुभाष वधवा, राजेश मनुजा, मनोज, संजय आदि मौजूद रहे।

### एडीसीजीसी कोर्स में दाखिला की तिथि बढ़ाई

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग में रिहैबिलिटेशन कौंसिल ऑफ इंडिया (आरसीआई) द्वारा अनुमोदित एडवांस डिप्लोमा इन चाइल्ड गाइडेंस एंड काउंसलिंग (एडीसीजीसी) कोर्स में दाखिला लेने की अंतिम तिथि 4 जनवरी तक बढ़ा दी गई है। विद्यार्थियों की मांग को देखते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने इस सम्बंध में आदेश जारी कर दिए हैं।

### विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों से साधा संवाद

**हिसार।** इंदिरा देवी चैरिटेबल ट्रस्ट का विशेषज्ञों ने दौरा करके विद्यार्थियों से सीधा संवाद साधा और भविष्य की योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। नेशनल करियर सर्विस स्कीम से सब रिजनल एंप्लॉयमेंट ऑफिसर सुधीर थल्लुरू, आकृति व जतिन ने बस स्टैंड के पास स्थित इंदिरा देवी चैरिटेबल ट्रस्ट का अवलोकन किया। इस अवसर पर ट्रस्ट के अध्यक्ष रजत गुप्ता ने सभी अधिकारियों को ट्रस्ट की विस्तृत जानकारी प्रदान की।

### दिव्यांग केंद्र में नेत्र ऑपरेशन शिविर आज

**हिसार।** दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के सहयोग से दिव्यांग पुनर्वास केंद्र में 2 को 125 निर्धन व जरूरतमंद बुजुर्गों की आंखों के सफेद मोतियाबिंद के ऑपरेशन निशुल्क किए जाएंगे। उद्यम सामाजिक उत्तरदायित्व (ईएसआर) के तहत डीएचबीवीएन ने यह निर्णय लिया है। दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के अध्यक्ष सुरेंद्र कुच्छल, सचिव एडवोकेट राजेश जैन व प्रोजेक्ट हेड रामनिवास अग्रवाल ने बताया कि पहले चरण का शिविर आयोजित किया जाएगा।

### 105 विद्यार्थियों को गर्म जर्सियां वितरित कीं

**आदमपुर।** राजकीय माडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में जरूरतमंद बच्चों के लिए जर्सी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें 105 जरूरतमंद बच्चों को जर्सियां वितरीत की गई। बच्चों को संबोधित करते हुए प्राचार्या अन्जू बाला गर्ग ने कहा कि समाजसेवा में सबसे बड़ा धर्म मानवता है। इस अवसर पर प्राध्यापक रंजन गोयल, संदीप कुमार, दयानन्द जांगडा, दिनेश गर्ग, वत्सला, सोनाली, मधु व कविता आदि मौजूद रहे।

---

दिन और रात के पारे में 4 डिग्री का ही अंतर रहने से बढ़ी ठिठुरन

# बूंदाबांदी के साथ नववर्ष का आगाज, साल का पहला दिन रहा कोल्ड डे, दिनभर सूर्यदेव ने नहीं दिए दर्शन

**राजकीय महाविद्यालय नारनौल, पर्यावरण क्लब के नोडल अधिकारी डॉ. चंद्रमोहन के अनुसार**

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

पश्चिमी विक्षोभ के चलते बूंदाबांदी के साथ नव वर्ष का आगाज हुआ। नव वर्ष के पहले दिन कोल्ड डे रहा। गुरुवार को दिनभर सूर्यदेव के दर्शन नहीं हुए। अर्धरात्रि में ही मौसम में बदलाव देखने को मिला और बूंदाबांदी होनी शुरू हो गई। अलसुबह कभी आसमान से हल्की फुहारें तो कभी शीत लहर तो कभी धुंध छा रही थी। बूंदाबांदी से गेहूं और सरसों की फसलों को फायदा माना जा रहा है। उधर, मौसम में आए बदलाव से पाला जमने की समस्या से किसानों को छुटकारा मिलने की संभावना है। मौसम में बदलाव के चलते रात्रि पारे में हल्की वृद्धि तथा दिन के पारे में गिरावट आई है। गुरुवार को न्यूनतम पारा 10.5 तथा अधिकतम पारा 14.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दिन और रात के पारे में करीब 4 डिग्री सेल्सियस का ही अंतर रह गया है। मौसम वैज्ञानिकों ने बताया कि आने वाले दिनों में हरियाणा में कोल्ड डे की स्थिति बन रही है। बारिश होने से नमी बढ़ेगी, इसके कारण सुबह और रात के समय धुंध देखने को मिल सकती है। 3 जनवरी से पारा फिर गिरने और शीत लहर चलने की संभावना है।

आने वाले दिनों में शीतलहर शीत दिवस और धुंध कोहरा सम्पूर्ण इलाके को अपने आगोश में समा लेगा क्योंकि पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से सम्पूर्ण इलाके में नमी की मात्रा में बढ़ोतरी हुई है और साथ ही साथ उत्तरी बर्फिली सर्द हवाओं से सम्पूर्ण इलाके में दिन और रात का तापमान में गिरावट देखने को मिलेगी। गुरुवार को हरियाणा एनसीआर दिल्ली में अधिकतर स्थानों पर रात्रि तापमान में हल्की बढ़त जबकि दिन के तापमान में गिरावट देखने को मिल रही है।

**हिसार।** रात को हुई बूंदाबांदी के बाद गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय में छाई हल्की धुंध। *फोटो: हरिभूमि*

## फैक्ट्री से सामान चोरी करने वाला गिरफ्तार

**उकलाना।** पुलिस ने सुरेवाला चौक स्थित प्लास्टिक दाना फैक्ट्री से मोटर, तार सहित सामान चोरी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सुरेवाला निवासी अशोक को गिरफ्तार करके उससे चोरी शुदा लोहा कमानी बरामद की है। जांच अधिकारी उप निरीक्षक महेंद्र सिंह ने बताया कि इस संबंध में बिठमडा निवासी सोनू ने सुरेवाला चौक स्थित उसकी प्लास्टिक दाना बनाने की फैक्ट्री से 05-06 दिसंबर को रात को मोटर, तार और लोहे की कमानी सहित सामान चोरी होने के बारे में शिकायत दी थी। पुलिस ने उक्त आरोपी को गिरफ्तार किया हैं। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी अशोक ने अपने साथी के साथ मिल फैक्ट्री में चोरी की वारदात की।

---

नए साल की पूर्व संध्या पर रिसॉर्ट में हुआ था कार्यक्रम

# हरियाणवी गायक मासूम शर्मा फिर विवादों में घिरे

*फैन ने लगाया मोबाइल तोड़ने का आरोप, भीड़ में सेल्फी लेने पहुंचा था समर्थक*

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

शहर में बुधवार रात को हुई म्यूजिक नाइट कार्यक्रम में पहुंचे हरियाणवी गायक मासूम शर्मा पर गाली-गलौज करने व मोबाइल तोड़ने की शिकायत पुलिस तक पहुंची है। मासूम के एक फैन ने इस संबंध में आजाद नगर थाना पहुंचकर अपनी शिकायत दी। पुलिस का कहना है कि दोनों पक्षों से बात की जा रही है। मासूम शर्मा के कार्यक्रम में पहुंचे फैन रिंकू ने बताया कि सिंगर मासूम ने उसका आईफोन छीनकर जमीन पर पटक दिया। फोन नीचे गिरते ही पूरी तरह से टूट गया। इसके बाद उससे बदसलूकी भी की। विरोध करने पर सिंगर गालियां देने लगा। शिकायतकर्ता रिंकू ने गुरुवार को पुलिस को दी शिकायत में बताया कि नए साल की पूर्व संध्या पर तोशाम रोड स्थित एक रिसॉर्ट में भजन संध्या का कार्यक्रम रखा गया था। इसमें ऑर्गेनाइजर ने हरियाणवी सिंगर मासूम शर्मा को परफॉर्मेंस के लिए बुलाया था।

**पुलिस थाने पहुंचा मामला जांच जारी**

**हिसार।** शिकायत लेकर थाना पहुंचे रिंकू व अन्य। *फोटो: हरिभूमि*

**हम कार्रवाई कर रहे: थाना प्रभारी**

आजाद नगर थाना प्रभारी दलबीर सिंह ने बताया कि रिंकू ने मासूम शर्मा के खिलाफ शिकायत दी है। इस पर हम कार्रवाई कर रहे हैं। दोनों पक्षों से बात की जाएगी।

**आईफोन छीनकर पटका**

मुल्तानी चौक निवासी रिंकू के अनुसार वह अपने परिवार के साथ शो देखने गया था। कार्यक्रम में पहले तो सब कुछ ठीक चल रहा था। इसके बाद सिंगर प्रोग्राम पूरा होने के बाद वापस जाने लगा। रिंकू ने बताया कि वहां मौजूद कुछ लोग मासूम शर्मा के साथ फोटो खिंचवा रहे थे। वो भी सेल्फी लेने के लिए सिंगर के पास जाने लगा। इसी दौरान मासूम शर्मा ने उसका फोन (आईफोन) छीनकर जमीन पर फेंक दिया, जिससे फोन पूरी तरह टूट गया। रिंकू का आरोप है कि फोन तोड़ने के बाद मासूम शर्मा ने उनके साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया और बदसलूकी की। इसके बाद वहां मौजूद लोगों ने मामला शांत किया।

## हिसार पुलिस ने इस वर्ष नागरिकों के 3.28 करोड़ बचाए: एसपी

**हिसार।** पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने कहा है कि जिला पुलिस की साइबर टीम ने वर्ष 2025 में ऑनलाइन ठगी के मामलों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए नागरिकों के कुल 3 करोड़ 28 लाख रुपये समय रहते संबंधित खातों में ब्लॉक कराया गया। पुलिस ने 1 करोड़ 2 लाख 85 हजार रुपये पीड़ितों के बैंक खातों में वापस भी भेजा है। पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने बताया कि पुलिस के पास इस वर्ष साइबर अपराध से संबंधित आई शिकायतों पर 164 केस दर्ज किए गए। इनमें से पुलिस ने 91 मामलों को सुलझाते हुए 283 (119 आरोपी बाहरी राज्यों से गिरफ्तार) आरोपियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित की है।

इसके साथ ही पुलिस ने इस वर्ष साइबर जागरूकता के बारे में 63 कार्यक्रम भी जिले भर में आयोजित कर आमजन को साइबर अपराध के बारे जागरूक किया। साइबर अपराधी लोगों की जिज्ञासा, लालच, भय और तकनीकी जानकारी की कमी का फायदा उठाकर ठगी कर रहे हैं।

**हिसार।** नव वर्ष पर आयोजित हवन यज्ञ में उपस्थित कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई एवं विश्वविद्यालय की प्रथम महिला डा. वंदना बिश्नोई। *फोटो: हरिभूमि*

## गुजवि में नववर्ष पर विश्वविद्यालय परिवार मिलन समारोह आयोजित

- कुलपति प्रो. बिश्नोई ने व्यक्तिगत रूप से मिलकर शिक्षकों व कर्मचारियों को शुभकामनाएं दीं

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय के चौधरी रणबीर सिंह सभागार के सामने परिवार मिलन समारोह का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने व्यक्तिगत रूप से मिलकर शिक्षकों व कर्मचारियों को नववर्ष की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की प्रथम महिला डा. वंदना बिश्नोई व कुलसचिव डा. विजय कुमार भी उपस्थित रहे।कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने इस अवसर पर विश्वविद्यालय परिवार के लिए सुख समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम का आयोजन विभागाध्यक्ष प्रो. किशना राम बिश्नोई की देखरेख में हुआ। हवन यज्ञ का संचालन नेकीराम ने किया।

**हवन यज्ञ का आयोजन**

गुजवि परिसर में नववर्ष के पर हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। गुरु जम्भेश्वर जी महाराज धार्मिक अध्ययन संस्थान के सौजन्य से हुए इस हवन यज्ञ में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई व विश्वविद्यालय की प्रथम महिला डा. वंदना बिश्नोई मुख्य यजमान के रूप में उपस्थित रहे। हवन यज्ञ की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलसचिव डा. विजय कुमार ने की।

---

# हेरोइन सहित कार सवार काबू

- 9 .270 ग्राम हेरोइन बरामद दो दिन के रिमांड पर लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

नशीले पदार्थों का व्यापार करने वालों पर कार्रवाई करते हुए नशा निरोधक पुलिस टीम ने सेक्टर 16/17 से एक गाड़ी सवार व्यक्ति को काबू किया है। पुलिस ने उससे 9.270 ग्राम हेरोइन बरामद की है। टीम प्रभारी उप निरीक्षक इंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस टीम ने गश्त के दौरान सेक्टर 16-17 स्थित मेडिकल स्टोर के सामने से एक आई-20 गाड़ी सवार व्यक्ति को काबू किया। पूछताछ में उसने अपना नाम संत नगर निवासी भूपेंद्र पाल उर्फ गोलू बताया। तलाशी लेने पर उक्त भूपेंद्र पाल उर्फ गोलू के कब्जे से एक पॉलीथिन की थैली से 9.270 ग्राम हेरोइन बरामद हुई।

**हिसार।** हेरोइन सहित पकड़ा गया आरोपी। *फोटो: हरिभूमि*

**पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया**

पुलिस ने बरामद हेरोइन आई-20 गाड़ी को कब्जे में लेकर भूपेंद्र उर्फ गोलू को गिरफ्तार कर लिया। बरामद हेरोइन के बारे में पूछताछ के लिए उसे अदालत में पेश करके दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

# स्कूल गेम्स के लिए 6 खिलाड़ी चयनित

- राजस्थान के चित्तौड़गढ़ में 5 से 10 जनवरी तक होगी प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

राजस्थान के चित्तौड़गढ़ में 5 से 10 जनवरी तक आयोजित होने वाले 69वें नेशनल स्कूल गेम्स अंडर-14 (लड़के–लड़कियां) हैंडबॉल प्रतियोगिता के लिए हरियाणा हैंडबॉल टीम में लाडवा के छह खिलाड़ियों का चयन किया गया है। लाडवा के नर्सरी हैंडबॉल रा व मा विद्यालय कोच अशोक पूनिया व ग्राम पंचायत लाडवा नर्सरी कोच महावीर पूनिया ने बताया कि ग्राम पंचायत लाडवा खेल नर्सरी से खुशी, अंशुल और वंशिका राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लाडवा खेल नर्सरी से शिवम, योगेश और दीपक इन खिलाड़ियों का प्रशिक्षण कैंप शिक्षा विभाग हरियाणा निदेशालय द्वारा डिवाइन लाइट स्कूल लाडवा व राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लाडवा में लगाया गया है।

इस अवसर पर ग्राम पंचायत सरपंच रामफल पूनिया ने सभी खिलाड़ियों व नर्सरी प्रशिक्षकों को बधाई दी और कहा कि ग्राम पंचायत लाडवा गांव के खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए हर संभव सहायता देती रहेगी। उन्होंने कहा कि गांव में खेल विभाग द्वारा संचालित दो खेल नर्सरी बच्चों को राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने का मजबूत आधार बन रही हैं।

**हिसार।** नेशनल स्कूल गेम्स के लिए चयनित खिलाड़ी। *फोटो: हरिभूमि*

**खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं**

इस उपलब्धि पर प्रिंसिपल फूलवती लांबा, गोशाला प्रधान आनंद राज, शारीरिक शिक्षा के प्रवक्ता परमेंद्र मलिक, डीपीई खुशबू, मधुबाला, रणबीर फौजी, शमशेर सिंह नंबरदार, एलएचफ़ प्रधान प्रदीप लांबा, हैंडबॉल कोच संदीप पूनिया व कोच नवीन पूनिया, सीनियर खिलाड़ी प्रदीप जांगड़ा, विकाश कुमार सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं।

---

कुलपति कार्यालय में एक मिलन समारोह का भी आयोजन किया गया

# लुवास में हवन पूजन से नववर्ष 2026 का स्वागत नई बुलंदियों पर ले जाने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास) में नववर्ष 2026 की शुरुआत हवन पूजन के साथ आध्यात्मिक वातावरण में की गई। विश्वविद्यालय के गैर-शिक्षक कर्मचारी संगठन की ओर से लुवास परिसर में आयोजित इस हवन पूजन कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ. विनोद कुमार वर्मा मुख्य अतिथि रहे। इस अवसर पर कुलपति प्रो. वर्मा ने सभी को नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारतीय जीवन परंपरा में हवन का विशेष महत्व है और नववर्ष की शुरुआत इस प्रकार करना अत्यंत शुभ एवं सकारात्मक पहल है। उन्होंने कहा कि आगे भी हमारा यही संकल्प रहेगा कि विश्वविद्यालय को नई बुलंदियों पर ले कर जाए। इसके उपरांत नववर्ष के अवसर पर लुवास प्राध्यापक संगठन द्वारा कुलपति कार्यालय में एक मिलन समारोह का आयोजन किया गया।

**हिसार।** हवन में उपस्थित कुलपति प्रो. विनोद कुमार वर्मा एवं अन्य।

**हवन यज्ञ में ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. एसएस ढाका, अधिष्ठाता पशु चिकित्सा महाविद्यालय डॉ. मनोज रोज, अनुसंधान निदेशक डॉ. नरेश जिंदल, विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. गौतम, छात्र कल्याण निदेशक एवं एस्टेट ऑफिसर डॉ. संदीप गुप्ता, डेयरी साइंस कॉलेज के अधिष्ठाता डॉ. एसबी पाटिल, एचआरएम निदेशिका डॉ. सोनिया सिंधु, आईपीवीएस निदेशक डॉ. पवन, लेखा नियंत्रक विकास खरब, टीचिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. अशोक मलिक, नॉन टीचिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष दयानंद सहित अनेक अधिकारी, विभागाध्यक्ष, प्राध्यापक, कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# डॉ. कमलेश ने संभाला हांसी में प्राचार्या का पद

हरिभूमि न्यूज ⏭हांसी

जिला उच्चतर शिक्षा अधिकारी व राजकीय महाविद्यालय नलवा की प्राचार्या डॉ. कमलेश दुहन ने राजकीय महाविद्यालय हांसी में प्राचार्या के पद पर अतिरिक्त कार्यभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने उपरांत शैक्षणिक और गैर-शैक्षणिक स्टाफ के सदस्यों से बातचीत की एवं कॉलेज परिसर का भ्रमण किया व परीक्षा के सुचारू संचालन की सराहना की। डॉ. दुहन ने बताया कि उच्चतर शिक्षा निदेशालय द्वारा उन्हें जिला उच्चतर शिक्षा अधिकारी (डीएचईओ) एवं प्राचार्या, राजकीय महाविद्यालय नलवा के अतिरिक्त यह पदभार दिया है। डॉ. नीलम दहिया के 30 नवंबर को सेवानिवृत के बाद से पद खाली था। डॉ. दुहन ने शैक्षणिक और गैर-शैक्षणिक स्टाफ व विद्यार्थियों को नव वर्ष की बधाई दी। मौके पर वरिष्ठ प्राध्यापक शामेन्द्र सिंह बामल, डॉ. विजय राणा, परीक्षा केंद्र अधीक्षक डॉ. विनोद गिल, डॉ. पूजा आदि उपस्थित रहे।

**हांसी।** पदभार ग्रहण करती डॉ. कमलेश दुहन। *फोटो: हरिभूमि*

बच्चो, कल से शुरू हुए इस नए साल में एजुकेशन, टेक्नोलॉजी और गेमिंग में बहुत से बदलाव होने वाले हैं, जो तुम्हें बहुत पसंद आएंगे। इसमें तुम्हें ऐसे अनुभव मिलेंगे, जिसके बारे में तुमने सोचा भी नहीं होगा। कैसे होंगे ये एक्सपीरियंस और कैसे बदलेगी तुम्हारी लर्निंग-एंटरटेनमेंट और गेमिंग की दुनिया, तुमको यहां डिटेल में बता रहे हैं।



# इस साल लर्निंग-गेमिंग में मिलेंगे नए-नए एक्सपीरियंस

अपकमिंग टेक्नोलॉजी

शिखर चंद जैन

बच्चो, नए साल की शुरुआत हो चुकी है। कल तुमने धूमधाम से न्यू ईयर सेलिब्रेट किया होगा। साल 2026 में तुम्हारे लिए बहुत कुछ नया होने वाला है। इस बारे में तुमको यहां डिटेल में बता रहे हैं।

## एजुकेशन होगी टेक्नोफ्रेंडली

इस साल से तुम्हें स्कूल में पढ़ाई-लिखाई का एकदम नया और फ्रेश अनुभव मिलने वाला है। भारत सरकार ने घोषणा की है कि 2026-27 के शैक्षणिक सत्र से कक्षा 3 से ही सभी स्कूलों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और कंप्यूटेशनल थिंकिंग (सीटी) को पाठ्यक्रम में शामिल किया जाएगा। एआई आधारित ऐसे प्लेटफॉर्म्स का विस्तार होगा, जो स्टूडेंट्स की सीखने की गति और शैली के अनुसार पाठ तैयार करेंगे। एआई और सीटी पाठ्यक्रम विकसित करने के लिए सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन (सीबीएसई), आईआईटी मद्रास के एक्सपर्ट प्रोफेसर्स के साथ मिलकर इस दिशा में काम कर रहा है। नई नीति के तहत लंबे पाठों के बजाय छोटे, 5-10 मिनट के 'बाइट-साइज्ड' वीडियो और क्विज के माध्यम से पढ़ाई पर जोर दिया जाएगा।

## अमेजिंग होगा लर्निंग एक्सपीरियंस



जिस तरह से और जिस गति से एआई, साइंस एंड टेक्नोलॉजी का विकास हो रहा है, आने वाले समय में तुम्हारा लर्निंग एक्सपीरियंस बहुत ही अमेजिंग होने वाला है। तुम्हारे स्कूल बैग में किताबों का बोझ कम होगा, क्योंकि अलग-अलग किताबों में मौजूद सारी जानकारी तुम्हें एक ही टैबलेट (टैब) में मिल जाएगी। होलोग्राम 3-डी तकनीक तुम्हें अनोखा लर्निंग एक्सपीरियंस देंगी। सोचो, इतिहास पढ़ते समय साक्षात 'महाराणा प्रताप' या 'महात्मा गांधी' का होलोग्राम (3-डी डिजिटल रूप) क्लास में आ जाए, तो कैसा लगेगा? विज्ञान के प्रयोगों के लिए तुम वर्चुअल रियलिटी हेडसेट का उपयोग करके आभासी लैब्स में केमिस्ट्री और फिजिक्स के एक्सपेरिमेंट्स कर सकोगे। पढ़ाई से जुड़ी तुम्हारी हर प्रॉब्लम, एआई ट्यूटर सॉल्व करेंगे। यह सब जानकर एक्साइटमेंट बढ़ रही है न! आने वाले समय में तुम्हारी स्मार्ट क्लासेज कुछ ऐसी ही होने वाली हैं।

## कर सकोगे साइंस-टेक्नोलॉजी के नए-नए एक्सपेरिमेंट्स

अब तुम्हारे लिए विशेष 'एसटीईएम' यानी साइंस, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग, मैथ्स के किट्स बनेंगे। ये किट तुम्हें विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और मैथ्स के कॉन्सेप्ट्स को मजेदार तरीके से सीखने में मदद करेंगे। कई कंपनियां इसे बनाने में लगी हुई हैं। इससे भविष्य में एसटीईएम किट के कई नए और अपडेटेड वर्जन तुम्हारे लिए आसानी से उपलब्ध होंगे। इन किट्स की मदद से तुम घर पर ही सौर ऊर्जा से चलने वाली कारें, रोबोटिक हैंड या मिनी सर्किट और भी बहुत कुछ बना सकोगे।

## गेमिफिकेशन से बढ़ेगा अपनी पढ़ाई में इंटरेस्ट

आने वाले समय में तुम्हारे स्कूल प्रोजेक्ट्स 'क्वेस्ट' और 'मिशन' के रूप में होंगे, जहां अच्छा परफॉर्म करने पर तुम्हें बैज और रिवॉर्ड्स मिलेंगे। हालांकि अभी भी स्कूली बच्चों के लिए कई



बेहतरीन गेमिफिकेशन प्लेटफॉर्म्स उपलब्ध हैं, जो पढ़ाई को रोचक बनाने के लिए गेम मैकेनिक्स, जैसे पॉइंट्स, लीडरबोर्ड और बैज का उपयोग करते हैं। कुछ एडटेक कंपनियां गणित और विज्ञान जैसे जटिल विषयों को समझाने के लिए इंटरेक्टिव क्विज और विजुअल स्टोरी टेलिंग का उपयोग करती हैं। कई प्लेटफॉर्म शिक्षकों को गेमिफाइड क्विज और इंटरैक्टिव लेसन बनाने की सुविधा देते हैं। ऐसे और भी कई प्लेटफॉर्म्स भविष्य में तुम्हारे लिए उपलब्ध होंगे। इनके माध्यम से पढ़ाई-लिखाई में तुम्हारा इंटरेस्ट बढ़ेगा।

## मजेदार होगा गेमिंग एक्सपीरियंस

बच्चो, आने वाले समय में तुम्हें महंगे गेमिंग कंसोल की जरूरत नहीं होगी, क्योंकि अब तुम्हारे लिए क्लाउड गेमिंग आसानी से उपलब्ध होगी। तुम किसी भी डिवाइस पर इंटरनेट के माध्यम से सीधे हाई क्वालिटी गेम खेल सकोगे। साथ ही इमर्सिव गेमिंग में ऑगमेंटेड रियलिटी का उपयोग करके तुम अपने कमरे में ही डिजिटल पात्रों के साथ खेल सकोगे। इससे तुम्हारा फिजिकल मूवमेंट बढ़ेगा, जिससे तुम्हें इनडोर गेम्स में आउटडोर गेम्स के बेनिफिट्स भी मिलेंगे। सिमुलेशन और फार्मिंग जैसे गेम्स का चलन भी बढ़ेगा, जो तुम्हें रिलैक्स फील कराने में मदद करेंगे। *

## एंटरटेनमेंट का अमेजिंग एक्सपीरियंस

सोचो जरा, अगर तुम्हें अपने फेवरेट कार्टून कैरेक्टर के पास जाकर उससे अपने हिसाब से एक्ट करवाने का मौका मिल जाए, तो कितना मजा आएगा! आने वाले समय में ऐसा हो सकता है। यानी कार्टून फिल्म देखने का तुम्हारा एक्सपीरियंस पूरी तरह बदलने वाला है। तुम वर्चुअली कहानी में तय कर सकोगे कि तुम्हारा फेवरेट सुपर हीरो या कार्टून कैरेक्टर आगे क्या करेगा? जैसे तुम्हारे कमांड देते ही वह शेर से लड़ेगा, दुश्मनों से फाइट करेगा और तुम चाहोगे तो वह फ्रेंडशिप कर लेगा। ऐसे मेटावर्स थीम पार्क आएंगे, जिससे तुम 'वीआर चश्मा' लगाओगे और घर बैठे सीधे डिज्नीलैंड पहुंच जाओगे। मिकी माउस से हाथ मिला सकोगे या उसके साथ झूला झूलने का आनंद ले सकोगे।

नया साल शुरू हो चुका है। इस साल अपनी खुशी बढ़ाने और आकर्षक व्यक्तित्व के लिए कुछ बातें जरूर अमल में लाओ। ये बातें तुम्हारी जिंदगी को आसान भी बनाएंगी। ये बातें कौन-सी हैं, जानो।

# नए साल में अपनाओ ये बातें मिलेगी एक अलग खुशी



सलाह

विमला नागला

मेरे प्यारे नन्हे दोस्तो, नया साल शुरू हो चुका है। तुम नए साल में जरूर नए उत्साह-उमंग से सराबोर होगे। कल तुमने नया साल, अपने दोस्तों के साथ जरूर सेलिब्रेट भी किया होगा। बच्चो, नए साल के मौके पर मेरे मन में कुछ बातें हैं, तुमसे जरूर कहना चाहूंगी। वैसे तुम हर साल न्यू ईयर अपनी-अपनी प्लानिंग के अनुसार मनाते ही हो, इस बार अपनी प्लानिंग में हमारी बातें या कहो, रेजोल्यूशंस भी जोड़ो। मेरी बातें बहुत सरल सी हैं, इन्हें मानना बिल्कुल भी कठिन नहीं है। यकीन मानो, इसके परिणाम तुम्हें एक अलग तरह की खुशी देंगे, तुम्हारे व्यक्तित्व को एक नया और आकर्षक रूप देंगे। मेरी कौन सी बातें तुम अपने रेजॉल्यूशन में शामिल करो, जानो-

- रोज उगते हुए सूरज की खूबसूरती को कुछ देर जरूर निहारो, इससे ताजगी का अहसास होगा, शरीर में स्फूर्ति आएगी।
- प्रतिदिन कुछ समय पेड़-पौधों, फूलों, पक्षियों संग बिताओ। यह संकल्प लो कि इस वर्ष पांच पौधे लगाकर उनकी पूरी देखभाल करोगे। ऐसा करने से तुम प्रकृति से जुड़ोगे, पर्यावरण को संरक्षित करोगे, इसके प्रति जागरूक होगे।

- नियमित योग-कसरत करोगे। यह बेहतर स्वास्थ्य के लिए बहुत जरूरी है। स्वस्थ शरीर में स्वस्थ और तेज मस्तिष्क का वास होता है।
- खास अवसरों पर अपने मित्रों-परिजनों को पत्र लिखोगे। ऐसा करने से लोगों से तुम्हारे रिश्ते मीठे और मजबूत बने रहेंगे।
- कुछ समय अपने बुजुर्गों के साथ बिताओगे। इससे बुजुर्गों का अकेलापन दूर होगा, उन्हें एक खुशी मिलेगी, तुम्हें भी उनका साथ भाएगा।
- सप्ताह में एक कहानी की पुस्तक पढ़ोगे। ऐसा करने से तुम्हें अच्छी शिक्षा मिलेगी, तुम्हारा भाषा ज्ञान बढ़ेगा।
- प्रतिदिन किसी एक की मदद या कोई एक भलाई का काम करोगे। यह आदत तुम्हें नेक इंसान बनाएगी।
- वर्ष भर अपनी पाठ्य-पुस्तकें, बस्ते, पढ़ाई की मेज को एकदम व्यवस्थित और साफ रखोगे। व्यवस्थित होकर रहने से हमारी जिंदगी आसान होती है।
- बेवजह किसी से भी नाराज नहीं होगे और न ही किसी से अनावश्यक बहस में पड़ोगे। तो बच्चो, तुम इन सभी बातों को एक संकल्प के रूप में अपनी डायरी में लिख लो और इनका ईमानदारी से पालन करो। शुरू में किसी नियम के निर्वहन में थोड़ी मुश्किल जरूर महसूस होती है, लेकिन बाद में कोई मुश्किल नहीं होती। बच्चो, 'जहां चाह वहां राह' निकल ही आती है। नए साल की तुम सभी को शुभकामनाएं ... *

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

# शिक्षाप्रद-रोचक कहानियां



बच्चो, तुम सब स्कूल तो जरूर जाते होगे। वहां तुमको अलग-अलग विषयों की जानकारी मिलती होगी। अपने दोस्तों के साथ खेलते भी होगे। हाल में ही तुम्हारे लिए अच्छी-अच्छी 68 कहानियों का एक संग्रह 'बचपन और स्कूल की मीठी-मीठी कहानियां' छपकर आया है। इसमें लगभग हर कहानी का बैकग्राउंड स्कूल से ही रिलेटेड है। इसमें तुमको कहीं अपने जैसे समझदार, पढ़ने में होशियार और दूसरों की मदद के लिए तैयार बच्चे मिलेंगे, तो कुछ में नटखट जंगली जानवरों पर रोचक कहानियां पढ़ने को मिलेंगी। संग्रह की पहली कहानी 'मिनी की दोस्त चींटियां' में तुम पढ़ोगे कि खेती के लिए नन्ही चींटियां भी कितनी महत्वपूर्ण होती हैं। ईयरफोन लगाने की हैबिट कितनी नुकसानदेह होती है, इसे तुम ' ईयरफोन की आदत' कहानी में जान सकते हो। समझदारी से कठिन काम भी कैसे आसान हो जाते हैं, इसे तेजी लोमड़ी की मजेदार कहानी 'पेट का एसी' में पढ़ सकते हो। किताब की हर कहानी से तुमको कोई न कोई शिक्षा जरूर मिलेगी। इन्हें पढ़ने में बहुत मजा भी आएगा। *

**किताब:** बचपन और स्कूल की मीठी-मीठी कहानियां (बाल कहानी संग्रह), **लेखिका:** रेनू सैनी, **मूल्य:** 450 रुपए, **प्रकाशक:** ग्रंथ अकादमी, नई दिल्ली

## हंसगुल्ले

**रिंकू (टिंकू से)** : तुम्हारी बेतुकी बातों से मेरा दिमाग खराब हो गया है। मैं तुम्हारे घर आ रहा हूं।
**टिंकू** : अरे! तब तुम मेरे घर नहीं, मेरे मामा जी के घर जाओ।
**रिंकू** : क्यों?
**टिंकू** : क्योंकि वो दिमाग के डॉक्टर हैं।
**-खुशी, बिलासपुर**

**टीचर** : लड़के को अंग्रेजी में 'ही' और लड़की को 'शी' कहते हैं। अच्छा बताओ, कई लड़कों को अंग्रेजी में क्या कहेंगे?
**गोलू (कुछ देर सोचने के बाद)** : सर, जितने लड़के होंगे, उतने 'ही ही ही ' कहेंगे।
**-स्वप्निल, रायपुर**

## जीके क्विज-186

1. टी-20 क्रिकेट में चार हजार से अधिक रन बनाने वाली पहली भारतीय महिला क्रिकेटर कौन बनी हैं?
2. लीप-ईयर में कुल कितने दिन होते हैं?
3. विश्व हिंदी दिवस कब मनाया जाता है?
4. आइजोल भारत के किस राज्य की राजधानी है?
5. किस देश को 'नीले आकाश की भूमि' के रूप में जाना जाता है?
6. सबसे हल्की गैस कौन-सी होती है?
7. कोशिका का पावर हाउस (पॉवर हाउस ऑफ सेल) किसे कहा जाता है?
8. सिक्कों का अध्ययन क्या कहलाता है?
9. किस जंतु को भारत का राष्ट्रीय जलीय जीव घोषित किया गया है?
10. दिल्ली के वर्तमान उप राज्यपाल कौन हैं?

**बच्चों, जीके क्विज-186 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज-185 का उत्तर :** 1.बंकिम चंद्र चटर्जी, 2. 1 जनवरी, 3.कोलकाता, 4.जर्मनी, 5.लियोनार्डो डिकैप्रियो, 6.मूसी नदी, 7.शैफाली वर्मा, 8.नागालैंड, 9.उत्तर प्रदेश, 10.मैथिली शरण गुप्त

**जीके क्विज-185 का सही उत्तर देने वाले :** मन्नत-कैथल, उर्जस्वी-सारंगढ़ बिलाईगढ़, लालिमा-गरियाबंद, आयुष-कैथल, ओमदेव-मुंगेली, अनूप-रायगढ़, कबीर-हिसार, चीनू-रायगढ़, ज्योति-बैकुंठपुर, नीटू-सीतापुर, अंशुमन-दिल्ली



कहानी

डॉ. नागेश पांडेय 'संजय'

ठिठुरती सर्दी में उस गरीब लड़के के पास पहनने के लिए स्कूल ड्रेस का स्वेटर नहीं था। इसके लिए उसे रोज स्कूल में डांट पड़ती थी। वैभव को जब यह बात पता चली तो उसने अपने पापा से कहकर उस लड़के की मदद करनी चाही। क्या नए साल में वैभव यह नेक काम कर पाया? एक प्यारी सी कहानी।

# हैप्पी न्यू ईयर




नए साल का आज दूसरा दिन था। वैभव ट्रेन से उतरा तो ठंडी हवा से वह थर-थर कांपने लगा। दांतों ने किटकिटाना शुरू कर दिया। वैभव अपने पापा-मम्मी के साथ गुजरात से लौटा था। वहां तो सर्दी नहीं थी। मौसम बढ़िया था। समुद्र के किनारे हाफ बनियान और नेकर में उसने खूब धमा-चौकड़ी की थी। समुद्र की लहरों से खूब बातें की थीं। आती हुई लहरों को देखकर वह जोर से चिल्लाता, 'आओ, आ जाओ!' फिर लहरें वापस जाने को होतीं तो ताली पीट-पीट कहता, 'गो बैक.. गो बैक..।' समुद्र के तट पर ऐसा आनंद उसके लिए एकदम नया था। अभूतपूर्व शब्द का सही अर्थ वह यहीं समझा था। वैभव ने पहली बार समुद्र देखा था। पापा-मम्मी की ओर से उसके लिए यह नए साल का एक अद्भुत उपहार था।

समुद्र के किनारे खड़े वैभव ने आने वाले हर नए साल में कुछ नया देखने की फरमाइश भी पापा से कर दी थी। मम्मी ने हंसते हुए कहा था, 'हां.. हां.. बिल्कुल! ... लेकिन तुम्हें भी हर साल कुछ न कुछ नया कर दिखाना होगा, दिखाओगे न..?'

'बिल्कुल मम्मी.. प्रॉमिस।' वैभव यह कहते हुए चहक उठा था। उसने बड़ा ही प्यार जताते हुए मम्मी-पापा दोनों का हाथ पकड़कर कहा था, 'मैं जब बड़ा हो जाऊंगा तो ऐसे ही आप दोनों को घुमाने ले जाया करूंगा।' बहरहाल, अब जब वैभव मम्मी-पापा के साथ अपने शहर में वापस आया तो यहां ठंड कुछ ज्यादा ही बढ़ गई थी। एक तो जबरदस्त कोहरा, उस पर हड्डियां कंपाने वाली सर्द हवाएं। उसकी तो विंटर वेकेशन चल रही थी। इसीलिए पापा ने गुजरात घूमने का प्रोग्राम बना लिया था। वैभव को अब इस बात की जल्दी थी कि अपने सारे दोस्तों से मिलकर उन्हें अपनी यात्रा के किस्से सुनाए। 'चाय पीनी है क्या?' पापा ने वैभव को कांपते देख पूछा। वह सर्दी में अपने दोनों हाथ रगड़ते हुए बोला, 'नहीं, पापा। जल्दी से घर चलिए। मुझे रजाई में कछुआ बनना है।' सभी स्टेशन से बाहर आए। उनको बाहर आता देखते ही कई ऑटो वाले सामने आ गए। सहसा वैभव की निगाहें स्टेशन के बाहर बनी नेकी की दीवार पर पड़ी। वहां हैप्पी न्यू ईयर का बड़ा-सा बोर्ड भी लगा था। बहुत सारे पुराने कपड़े भी टंगे हुए थे। उसकी ही उम्र का एक बच्चा उन कपड़ों में पता नहीं क्या खोज रहा था? इस बीच पापा ने एक ऑटो वाले को तय कर लिया था। वह वैभव से बोले, 'चलो बेटा।' पापा ने कहा तो वैभव के कदम जैसे वहीं ठिठक गए। 'क्या हुआ बेटे?' मम्मी ने उसे हिलाया, 'चलो न।' 'उस लड़के को देखो न पापा।' वैभव सामने की ओर देखते हुए बोला।

'हां, वह अपने साइज के कपड़े खोज रहा होगा।' पापा बोले।

'लेकिन... पापा वहां तो उसके साइज के कितने सारे कपड़े टंगे हैं। वह उन्हें कहां ले रहा है?' वैभव कुछ अचरज से बोला। 'चलो, उसी से पूछ लेते हैं, उसे क्या चाहिए?' पापा वैभव का मन भांपते हुए बोले। पापा उसे लेकर उस लड़के पास पहुंचे। वह लड़का पहले तो हिचका, लेकिन फिर उसने बताया कि वह नीले रंग का स्वेटर खोज रहा है। स्कूल में ड्रेस से मैचिंग स्वेटर न पहनने की वजह से उसे रोज डांट पड़ती है। कई बार वापस लौटने की सजा भी मिलती है। बातचीत में उसने अपने स्कूल और घर का पता भी बताया कि स्टेशन के पास ही बनी झुग्गियों में वह रहता है। उस लड़के ने यह भी बताया कि उसके पिता नहीं हैं। मां घरों में काम करती हैं। वैभव मचलते हुए बोला, 'पापा आप इसे नया स्वेटर दिला दीजिए न!' 'जरूर दिलाएंगे, केवल इसे ही नहीं, इसके जैसे अन्य बच्चों को भी हम लोग झुग्गियों में जाकर स्कूल ड्रेस के स्वेटर बांटेंगे, प्रॉमिस! हमने समझ लिया है, वह कहां रहता है?' पापा जब ऐसा बोले तो वैभव बहुत खुश हो गया।

पापा उस बच्चे से बोले, 'अब आप अपने घर जाओ। हम लोग आज ही आपके घर पर आएंगे।'

उस लड़के की आंखों में आंसू आ गए। वैभव ने उसे गले से लगा लिया और धीरे से कहा, 'माई डियर, हैप्पी न्यू ईयर।' उस बच्चे के मुख से कोई आवाज तो नहीं आई, लेकिन होंठ जरूर बुदबुदाए। वैभव बहुत खुश था। नए साल में यह कितना अच्छा और नया काम हो जाएगा। ठंड अब उसे बेअसर सी लग रही थी, क्योंकि उसके भीतर एक नेक काम की गर्माहट थी। *

कविता

राजेंद्र श्रीवास्तव

## नया वर्ष यह आया

दो हजार पचीस गया अब,
नया वर्ष यह आया।
नव उत्साह-नई आशाएं
नई उमंगें लाया।
नए वर्ष में नया सीखकर
अपना ज्ञान बढ़ाएं।
नई-नई तकनीकों से हम,
परिचित होते जाएं।
अपने आस-पास का मनहर,
वातावरण बनाएं।
पानी की कीमत पहचानें,
पर्यावरण बचाएं।
घर, बाजार, शहर, विद्यालय
जहां कहीं भी पाएं।
मिलने वाले हर अवसर का,
मित्रो लाभ उठाएं।

## अंतर बताओ

बच्चो, यहां पर न्यू ईयर सेलिब्रेशन से जुड़े दो चित्र दिए गए हैं। वैसे तो ये दोनों चित्र दिखने में एक जैसे हैं, लेकिन इनमें आठ अंतर हैं। तुम्हें पांच मिनट में ये सभी अंतर खोजकर बताने हैं। तो देर किस बात की, फटाफट आठ अंतर खोजो।

**उत्तर:** 1.ऊपर बाईं तरफ टंगे बंदनवार में एक झंडी कम है। 2.बाईं तरफ लड़की के पैर के पीछे लगी फेंसिंग गायब है। 3.आगे बाईं तरफ यलो टी-शर्ट वाले लड़के की टी-शर्ट पर फ्लावर प्रिंट नहीं है। 4.पीछे वाले लड़के की टी-शर्ट पर पॉकेट बना हुआ है। 5.ऊपर दाईं तरफ सूरज चमक रहा है। 6.ऊपर दाईं तरफ वाले बैलून का कलर अलग है। 7.आगे दाईं तरफ लाल फ्रॉक वाली लड़की ने कैप पहना हुआ है। 8.एकदम दाईं तरफ खड़े लड़के के जूते अलग रंग के हैं।

## चित्र पूरा करो

नया साल शुरू हुआ तो बच्चों ने कॉलोनी के पार्क में न्यू ईयर सेलिब्रेट किया। यहां इस सेलिब्रेशन का आधा-अधूरा चित्र दिया गया है। दाहिनी तरफ इस चित्र के कुछ कट-आउट्स दिए गए हैं। तुम चित्र और कट-आउट्स को ध्यान से देखो और सभी कट-आउट्स को सही जगह लगाकर चित्र पूरा करो।

उत्तर : 1-B, 2-A, 3-C, 4-D

### नववर्ष के उपलक्ष्य में जिलेभर में कार्यक्रम आयोजित, आमजन में दिखा उत्साह

# मंदिरों में उमड़ी लोगों की भीड़, वृद्धों का आशीवार्द लिया और हवन कर नववर्ष का प्रथम दिवस मनाया

**सामूहिक राममय अखण्ड हनुमान चालीसा पाठ संपन्न**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

नववर्ष के उपलक्ष्य में जिले भर में जगह जगह कार्यक्रम आयोजित किए गए। सुबह से ही लोगों में खासा उत्साह दिखाई दिया। फूलों, गिफ्ट की दुकानों और खासकर मिठाई की दुकानों में खासी भीड़ दिखाई दी। लोगों ने मंदिरों में पूजा अर्चना की और वृद्धजनों का आशीर्वाद लिया। साथ ही एक दूसरों को नववर्ष की शुभकामनाएं देते दिखाई दिए।

उधर नववर्ष के उपलक्ष्य में गुरुवार सुबह श्रीरामभक्त हनुमान मंदिर, गली नम्बर-2 जवाहर नगर में 24 घंटे के सामूहिक अखण्ड राममय हनुमान चालीसा पाठ का समापन किया गया। मंदिर समिति के प्रधान इन्द्रचंद राठी ने बताया कि 31 दिसम्बर को प्रातः 8 बजे पाठ शुरु किया गया था जो निरंतर चलते हुए प्रातः सम्पन्न हुआ। भजन-कीर्तन किया गया। पाठ की समाप्ति पर चहुं ओर सुख शांति बनी रहे, के संकल्प को लेकर हवन-यज्ञ किया गया। हवन में समाजसेवी सुरेश शर्मा ने सपत्नीक मुख्य यजमान व प्रवीण सिंधवानी ने सपत्नीक यजमान के रुप में भाग लिया। उपस्थित श्रद्धालुओं ने हवन में आहुति डाली। इस अवसर पर मंदिर समिति से जुड़े नथूराम सैनी, महेश राठी, वेद पढ़वाल, सुरेंद्र सिंधवानी, ललित राठी, हरबंस ग्रोवर, अरविंद झांब, रोहित राठी, आदि उपस्थित रहे।

हिसार। हनुमान मंदिर, जवाहर नगर में आयोजित हवन में आहुति डालते यजमान व श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

### स्वेच्छा से काम करने वाले बच्चों पर

**उकलाना।** राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल, उकलाना में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का शुभारंभ हुआ। इसका उद्घाटन मौलिक जिला शिक्षा अधिकारी रामरत्न द्वारा किया गया। उद्घाटन समारोह में खंड शिक्षा अधिकारी दलबीर सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। डीसीएम स्कूल बिठमरा, उकलाना मंडी के डायरेक्टर संजय धतरवाल ने भी विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य डॉ. अर्जुन देव ने की। मौलिक जिला शिक्षा अधिकारी रामरत्न ने विद्यार्थियों को कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण की एक सशक्त प्रयोगशाला है।

### साधकों ने नाच-गाकर मनाया नववर्ष उत्सव

*हिसार। साधकों के मार्गदर्शन के केंद्र ओशो ध्यान उपवन में नव वर्ष का उत्सव नाचते-गाते हुए मनाया गया। नव वर्ष की पूर्व संध्या पर सिरसा रोड स्थित ओशो ध्यान उपवन में बोन फायर की व्यवस्था रही। साधकों ने अलाव जलाकर और गीत-संगीत के साथ एक-दूसरे को नव वर्ष की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर स्वामी संजय व मां सांची ने जीवन के असली उत्सव व सच्ची खुशी से अवगत करवाया। इस दौरान स्वामी संजय ने साधकों को 4 जनवरी के ध्यान सत्र की विस्तृत जानकारी भी प्रदान की।*

### श्याम बाबा का आशीर्वाद लिया

**हिसार।** नववर्ष के प्रथम क्षणों में श्री श्याम बाबा का आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए सेक्टर 16-17 के श्री श्याम मंदिर में श्रद्धालुओं की अलसुबह से ही भारी भीड़ उमड़ पड़ी। श्याम प्रभु की एक झलक पाने के लिए भक्त लंबी कतारों में लगे रहे। इस अवसर पर श्री श्याम प्रभु का विशेष फूलों से अलौकिक श्रृंगार किया गया। वहीं नववर्ष की पूर्व संध्या पर एक भक्त द्वारा हनुमान जी के दरबार को नोटों की मालाओं एवं चक्रों से भव्य रूप में सजाया गया। सायं 9 बजे से 12 बजे तक ताली कीर्तन संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें देर रात तक भक्तों ने भक्ति भाव से भाग लिया। मंदिर कमेटी के उपप्रधान त्रिलोक बंसल ने बताया कि आरती के पश्चात भक्तों को खीर-चूरमा, मेवा एवं फलों का प्रसाद वितरित किया गया।

### दुकानदारों ने वितरित की खीर

**हिसार।** नव वर्ष के उपलक्ष्य में श्याम बाबा की कृपा से पीजीएसडी स्कूल दुकानदार एसोसिएशन ने गुरुवार दोपहर पूर्व पड़ाव चौक पर 100 लिटर दूध की खीर का प्रसाद वितरण किया। दुकानदारों ने आने-जाने वाले राहगीरों को नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए खीर का वितरण किया। इस अवसर पर संजीव गोयल, पवन गोयल, हन्नी भाटिया, दलबीर यादव, हरि, गौरीशंकर, नवीन, मोहन आदि उपस्थित रहे।

### नववर्ष पर लगाया भंडारा

**हिसार।** श्रीश्याम बालाजी सेवादार मंडल की टीम ने आज बारस पर नई सब्जी मंडी में 38वां मासिक भंडारा लगाया। भंडारे की शुरुआत वरिष्ठ सदस्य प्रवीण सहारण और डॉक्टर संजय सैनी द्वारा भोग लगवाकर की गई। इस अवसर पर मंडल के प्रधान सुरेन्द्र बालान, कोषाध्यक्ष अरुण सेठी, सुभाष सैनी, राजू, हैप्पी सैनी, डॉक्टर मोहित, अशोक वर्मा, राजेंद्र सैनी, राकेश, हैप्पी बालान, बिट्टू तनेजा, संजय शर्मा, राकेश, बंसी, अमनदीप, सौरभ, ललित सैनी, गुलशन गाबा, संजय मिथुन, संदीप जांगड़ा, यश सैनी, कुश कुकडेजा, रोबिन, विजय बालान, शम्मी बालान, तनु सैनी, अनिल बालान, लोकेश आदि उपस्थित रहे।

हिसार। बीड़ बबरान धाम में आयोजित नव वर्ष स्वागत समारोह में उपस्थित श्रद्धालुगण।

### कढ़ी कचोरी प्रसाद का वितरण

**हिसार।** बीड़ बबरान धाम में नव वर्ष के स्वागत के लिए आयोजित सांवरे की महफिल में श्रद्धालुओं ने बढ़-चढकर हिस्सा लिया। इसके साथ ही कढ़ी कचोरी प्रसाद ग्रहण करने के लिए विभिन्न क्षेत्रों से सैकड़ों श्रद्धालु बीड़ बबरान में उमड़ पड़े। नए साल की शुरूआत बबरान नरेश के साथ और सांवरे की महफिल के लिए श्याम बाबा के दरबार को सजाकर भव्य स्वरूप दिया गया। इतना ही नहीं पूरे धाम को रंगीन लडियों से सजाया गया। सांवरे की महफिल में निज पुजारी विनय शर्मा व अन्य गायकों ने भजनों के माध्यम से श्याम बाबा की महिमा का गुणगान किया। इस दौरान अखंड ज्योति के दर्शन करके भक्तगण अभिभूत हो गए।

### मोक्ष वृद्धाश्रम में जनकल्याण की कामना के साथ हवन करके मनाया नववर्ष

**हिसार।** मोक्ष वृद्धाश्रम में हवन करके जनकल्याण की कामना के साथ नव वर्ष की शुरुआत की गई। कैमरी रोड स्थित मोक्ष वृद्धाश्रम में बुजुर्गों ने हवन कुंड में अग्नि प्रज्ज्वलित करके मंत्रोच्चारण के साथ आहुति डाली और देवी-देवताओं की आराधना करते हुए एक-दूसरे को नव वर्ष की शुभकामनाएं दी। पंडित ने हवन करवाते हुए सभी बुजुर्गों के उत्तम स्वास्थ्य व कुशलता की कामना की। नव वर्ष के अवसर पर मोक्ष वृद्धाश्रम की संरक्षक मां पंकज संधीर व प्रधान विजय भृगु ने कहा कि आश्रम में सभी त्योहार व उत्सव पूरे धूमधाम से मनाए जाते हैं। इसी कड़ी में नव वर्ष के प्रथम दिवस हवन का आयोजन किया गया।

हिसार। शिवालय मंदिर ट्रस्ट के प्रधान बजरंग गर्ग संबोधित करते हुए।

### भजन समारोह का आयोजन

**हिसार।** श्री प्रयाग गिरी शिवालय मंदिर ट्रस्ट में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम, भजन समारोह का आयोजन व भंडारा का आयोजन शिवालय मन्दिर ट्रस्ट व शिक्षण संस्थान के प्रधान बजरंग गर्ग की अध्यक्षता में हुआ। जिसमें भारी संख्या में शहरवासियों ने भाग लिया। प्रधान गर्ग ने उपस्थित नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि शिवालय ट्रस्ट में नववर्ष पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम व भजन समारोह का आयोजन किया गया। नव वर्ष में सभी देश व प्रदेशवासियों के लिए खुशियों भरा रहे उसके लिए देवी-देवताओं के चरणों में प्रार्थना की गई। बजरंग गर्ग ने कहा कि शिवालय मन्दिर में श्रीमद् भागवत की कथा का आयोजन 8 फरवरी से होगी। इस अवसर पर नारायण दास बंसल, कैलाश चौधरी, रमेश लोहिया, सुरेंद्र सिंगला, ओम प्रकाश असीजा, प्रवीण जैन, सतेन्द्र गोयल, रमेश पटवारी, जगत नारायण, , कृष्ण लाल बागड़ी, डा. केके वर्मा, ऋषि राज गर्ग, पवन गर्ग, शिवकुमार गोयल, सुरेंद्र गर्ग, सत्यपाल अग्रवाल आदि प्रतिनिधि भारी संख्या में मौजूद थे।

हिसार। नवां साल गुरु चरणा दे नाल कार्यक्रम में उपस्थित संगत।

### नवां साल गुरु चरणा दे नाल कार्यक्रम आयोजित

**हिसार।** प्रबंधक कमेटी बाबा जमनी दास पंचायती गुरुद्वारा आठ मरला कालोनी पटेल नगर द्वारा नववर्ष के आगमन पर गुरुद्वारा में शबद कीर्तन कर नवां साल गुरु चरणा दे नाल बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया।
इस अवसर पर गुरु घर से जुड़ी बीवियों ने उपस्थित साध संगतों को सुंदर शबद व कीर्तन के माध्यम से निहाल किया। इसके अलावा प्रबंधक कमेटी के प्रधान सूबेदार हरमिंदर सिंह व महासचिव भूपेंद्र पाहवा ने कहा की नव वर्ष के आगमन पर हमें नित्य प्रतिदिन सत्संग सुनना चाहिए, वह गुरु साहिबानों के बताए मार्ग पर चलकर भलाई के काम करने चाहिए। इसके अलावा संगतों को नववर्ष की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के उपरांत गुरुद्वारा के ग्रन्थि सरदार स्वर्ण सिंह ने सरबत की भलाई के लिए अरदास की। इस मौके पर अजय पाहवा, सरदार मक्खन सिंह, बलविंदर चावला, अविराज सिंह, अंशुल अनेजा, सौरभ सिंह गिरधर, अरमिंद्र सिंह, राजकुमार ठाकुर, कुलदीप सिंह, इंद्र जीत सिंह, सुजल, हेमंत जग्गा, समर, देव पाहवा, प्रीतम सिंह, रंजीत सिंह, परमजीत सिंह आदि उपस्थित रहे।

हिसार। दूध जलेबी महोत्सव में उपस्थित आयोजक।

### पांच स्थानों पर दूध जलेबी महोत्सव का आयोजन

**हिसार।** शहीद भगत सिंह जन कल्याण मोर्चा की ओर से नव वर्ष के उपलक्ष्य में शहर में सुबह पांच से 11 बजे तक दूध महोत्सव का आयोजन किया गया। इसके तहत लोगों को नव वर्ष पर दूध व देसी घी की जलेबी खिलाई गई। शहर में पांच स्थानों पर यह प्रसाद खिलाया गया। आयोजक आशीष गोदारा ने बताया कि गुरुवार सुबह जिंदल अस्पताल के पास हिसार, मधुबन पार्क के सामने, एचएयू गेट नंबर के सामने, गांव डोभी बस अड्डे पर, बालसमंद गांव में नए साल पर दूध महोत्सव का आयोजन किया। इसके तहत सुबह पांच बजे लोगों को गर्मा गर्म दूध पिलाया गया और गर्मा गर्म जलेबियां भी खिलाई गई। आशीष गोदारा ने बताया कि आजकल का युवा नशे की ओर बढ रहा है, युवा नए साल में शराब जैसे नशे करते हैं जो काफी घातक है। उन्होने युवाओं से आह्वान किया कि नए साल में युवाओं को जंक फूड व नशा छोड़ने का संकल्प लेना चाहिए। देश के विकास में तरक्की करके देश व हरियाणा का नाम रोशन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि युवाओं को खेलों में भागीदारी रखनी चाहिए, युवाओं को रोजाना प्रतिदिन सुबह या शाम एक घंटे सैर व व्यायाम करना चाहिए। इस अवसर पर शहीद भगत सिंह जन कल्याण मोर्चा के प्रधान अमित सिंधु, सुरेश मुथड़, ऋषि बुडाकिया, हरीश गोयल, जगमोहन मित्तल पार्षद, वेद सेठी आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### चिकित्सा परिषद सदस्य के लिए कुलदीप ने भरा पर्चा

**हिसार।** भारतीय चिकित्सा परिषद हरियाणा के सदस्य के चुनाव के लिए चिकित्सक वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. कुलदीप कुमार ने पंचकूला में सेक्टर 3 स्थित भारतीय चिकित्सा परिषद हरियाणा के रजिस्ट्रार कार्यालय में पहुंचकर नाम भरने के अंतिम दिन अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। चुनाव के लिए आयुर्वेदिक चिकित्सक 21 फरवरी से 20 मार्च तक मतदान कर सकेंगे। इसमें हरियाणा के लगभग 12 हजार आयुर्वेदिक चिकित्सक मतदान करेंगे। हर चिकित्सक को एक माह के दौरान डाक द्वारा रजिस्ट्रार कार्यालय में लिखित में अपना मत भेजना होता है।

### प्रारंभिक शिक्षा स्तर को बेहतर बनाएगा एसबीआई

**हिसार।** थुराना क्षेत्र में ग्रामीण बच्चों के प्रारंभिक शिक्षा स्तर को बेहतर बनाने और आंगनवाड़ी अपग्रेड के लिए भारतीय स्टेट बैंक के तत्वावधान में समारोह का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य आंगनवाड़ी सुविधाओं को उत्कृष्ट करना है। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में एसबीआई चीफ मैनेजर सुनील कुमार और थुराणा शाखा से गुलाब सिंह ने शिरकत की। सरपंच रामदिया पानू विशिष्ट अतिथि रहे। इस दौरान आंगनवाड़ी के नन्हे-मुन्ने बच्चों को खिलौने और लड्डू वितरित किए गए।

### सतीश ब्रांच प्रधान और सलीम बने सचिव

**हिसार।** हरियाणा संयुक्त कर्मचारी मंच से संबंधित हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्ज यूनियन की जनस्वास्थ्य विभाग ब्रांच, हिसार का चुनाव बीएंडआर रेस्ट हाउस में चुनाव पर्यवेक्षक राज्य कोषाध्यक्ष भगवान अहलावत और राज्य कार्यालय सचिव राजकुमार सैन की देखरेख में हुआ। चुनाव सर्वसम्मति से करवाए गए जिसमें लीलूराम ब्रांच चेयरमैन, सतीश प्रधान, सलीम सचिव व सुरेश पुनिया कोषाध्यक्ष चुने गए।

# उत्कृष्ट कार्य करने पर सिरसा साक्षी महिला सहकारी विपणन समिति को मिला सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष-2025 के अंतर्गत राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम द्वारा हरियाणा एवं पंजाब राज्यों की उत्कृष्ट कार्य करने वाली सहकारी समितियों तथा किसान उत्पादक संगठनों को एनसीडीसी क्षेत्रीय सहकारी उत्कृष्टता एवं योग्यता पुरस्कार-2025 प्रदान किए गए। दोनों राज्यों से कुल सात सहकारी समितियों एवं एफपीओ को विभिन्न श्रेणियों में सम्मानित किया गया। सिरसा से दी सिरसा साक्षी महिला सहकारी विपणन समिति को सम्मानित किया गया, जिसके तहत उन्हें 35 हजार रुपए का चैक व स्मृति चिह्न दिया गया।

समिति की अध्यक्ष विमला सिंवर ने बताया कि इन सोसायटी के अंतर्गत इफको, कृभको, हेफेड, नेफेड, बीबीएएसएल, एनसीईएल सहकार टैक्सी सहित अनेक संस्थाएं मेंबर बनकर काम कर रही है। उन्होंने बताया कि महिला सहकारी विपणन समितियों से सरकार द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण और आय सृजन के लिए किए जा रहे प्रयास जैसे कि नंदिनी सहकार जैसी योजनाओं के तहत वित्तीय सहायता, बोर्डों में महिलाओं के लिए आरक्षण और सरकारी योजनाओं एव महिलाओं के ठेकों में भागीदारी बढ़ाना शामिल है, जो उन्हें आत्मनिर्भर बनाने और कौशल विकास पर केंद्रित है। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा और विपणन कौशल की कमी जैसी चुनौतियां अभी भी मौजूद हैं, जिन्हें दूर करने के लिए प्रशिक्षण और बेहतर पहुंच की आवश्यकता है। सिंवर ने बताया भारत सरकार के केंद्रीय गृह मंत्री व सहकारिता मंत्रालय से अमित शाह ने पूरे भारत में कृषि उत्पादों को सहकारिता क्षेत्र में लाने का निर्णय लिया है, जिससे किसानों की और महिला समितियों को रोजगार मिल सकेगा। बीती 12 सितंबर से 12 अक्तूबर तक सदस्यता महाअभियान भी चलाया गया, जिसका उद्देश्य गांव-गांव में सहकारी समिति की सदस्य संख्या बढ़ाना और अधिक किसानों व ग्रामीणों को सहकारिता तंत्र से जोडना है तथा उन्हें औपचारिक बैंकिंग व ऋण से जोडना है। इससे कृषि और ग्रामीण विकास को बढ़ावा मिलेगा।

# बलिदान दिवस पर पंचकुंडीय यज्ञ का आयोजन

- समरवीर गौकुला जाट का किसान-प्रतिरोध के शुरुआती उदाहरणों में गिना जाता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

जाट धर्मशाला में धर्मरक्षक समरवीर गौकुला जाट का बलिदान दिवस पर प्रधान रणधीर सिंह दलाल की अध्यक्षता मे पंचकुंडीय यज्ञ का आयोजन किया गया। इसमें हांसी के एसडीएम राजेश खोथ मुख्य अतिथि रहे जबकि तहसीलदार अनिल बिढान विशिष्ट अतिथि रहे। कार्यक्रम मंच संचालन परविन्द लोहान ने किया। मुख्य वक्ता प्रोफेसर योगेन्द्र मलिक ने बताया कि गोकुला जाट (वीर गोकुला सिंह) 17वीं शताब्दी के एक प्रमुख किसान-नेता और वीर योद्धा थे। वे वर्तमान तिलपत (फरीदाबाद, हरियाणा) क्षेत्र के निवासी थे। उन्होंने मुगल सम्राट औरंगजेब की दमनकारी नीतियों के विरुद्ध संगठित प्रतिरोध किया। वक्ताओं ने कहा कि मुगल शासन द्वारा अत्यधिक कर जज़िया, धार्मिक हस्तक्षेप और स्थानीय उत्पीड़न के विरोध में 1669 में गोकुला जाट के नेतृत्व में हिंदुओं का विद्रोह भड़का।गोकुला ने हज़ारों किसानों (अहीर-गुर्जर सहयोगियों सहित) को संगठित कर मथुरा-सादाबाद क्षेत्र में मुगल प्रशासन को चुनौती दी और युद्ध लड़ा।
वक्ताओं ने कहा कि गोकुला जाट का विद्रोह उत्तर भारत में संगठित किसान-प्रतिरोध के शुरुआती उदाहरणों में गिना जाता है। उनके संघर्ष ने आगे चलकर जाट शक्ति के उभार की राह बनाई, जिसका प्रभाव 18वीं शताब्दी में भरतपुर राज्य जैसे केन्द्रों में दिखा। दाऊ बलदेव में हुई छत्तीस बिरादरी की पंचायत ने समर्थ गुरु रामदास की उपस्थिति में गोकुल जाट को नेतृत्व दिया। इधर गोकुल जाट का बलिदान हुआ और उधर कृष्ण जी का मंदिर ध्वस्त कर दिया गया।

हांसी। यज्ञ में आहुति डालते मुख्य वक्ता प्रो. योगेन्द्र मलिक व अन्य।

### ये रहे उपस्थित

बलिदान दिवस कार्यक्रम में एडवोकेट सुभाष ढांडा, राजकुमार बामल, देव लोहान, राकेश संधू, जयसिह पाली, हेमन्त सोनी, सुरेन्द्र सिंह, ईश्वर शास्त्री, सत्यदेव शास्त्री, वैद्य रामनिवास, राजेन्द्र सौरखी, दशरथ मलिक, रणबीर बेरवाल, सतबीर चौहान, सुभाष सिंधु, करमवीर शास्त्री, सुभाष मुजादपुर, कपूर सिंह पूनियां, यशांत लोहान, चेतन्य लोहान, सोमबीर मान सहित समाज के अनेक लोग उपस्थित थे।

# चिन्हित स्थानों पर ही पशु प्रेमी आवारा कुत्तों को करवा सकेंगे भोजन

# आवारा कुत्तों के लिए हर वार्ड में बनेगा निर्धारित फीडिंग प्वाइंट

शेल्टर होम में सुरक्षित रखने की दिशा में कार्य शुरू

बधियाकरण व पुनर्वास बारे निगम व अन्य विभागों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हिसार। बैठक में उपस्थित अतिरिक्त निगमायुक्त डॉ. प्रदीप हुड्डा व अन्य।

सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में आवारा कुत्तों का बधियाकरण और सरकारी संस्थानों और हाइवे और स्टेट हाइवे से आवारा कुत्तों को सुरक्षित शेल्टर होम में रखने बारे नगर निगम के मुख्य सभागार में सम्बन्धित विभागों की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त निगमायुक्त डॉ. प्रदीप हुड्डा ने की। डॉ. प्रदीप हुड्डा ने कहा कि स्कूल, कॉलेज, विश्वविद्यालय, स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, रेलवे स्टेशन और अस्पताल परिसरों से आवारा कुत्तों को हटाकर उन्हें शेल्टर होम में सुरक्षित रखने की दिशा में कार्य शुरू कर दिए है। उन्होंने सभी विभागों को निर्देश दिए कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा जारी की गई गाइडलाइनों का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि इसके लिए सभी विभाग अपने-अपने स्तर पर टीमों का गठन करें, जो सुप्रीम कोर्ट के आदेशों में चिन्हित क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाकर आवारा कुत्तों को पकड़ने और उन्हें निर्धारित शेल्टर होम में भेजने का कार्य करेंगी।

### विभागों से आपसी समन्वय से कार्य करने की अपील

सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार प्रत्येक वार्ड में आवारा कुत्तों के लिए एक निर्धारित फीडिंग प्वाइंट बनाने का निर्णय लिया गया। इन चिन्हित स्थानों पर ही पशु प्रेमी आवारा कुत्तों को भोजन करा सकेंगे। इससे कुत्तों का जमावड़ा संवेदनशील और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में नहीं होगा और शहर में संतुलन बना रहेगा। डॉ. प्रदीप हुड्डा ने सभी विभागों से आपसी समन्वय, संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने की अपील की।

### यह रहे उपस्थित

बैठक में ईओ हांसी राजेन्द्र सोनी, वेटनरी सर्जन डॉ. अमित शर्मा, कार्यकारी अभियंता जतिन खुराना, डीडीपीओ नरेन्द्र सिंह, सचिव उकलाना संदीप, सचिव बरवाला प्रगति, टीएम रोडवेज प्रीतम सिवाच, रेलवे विभाग से एसएसई अविनाश कुमार, डीएसपी हांसी सिद्धार्थ बिश्नोई, डीएसपी हिसार कमलजीत, आदि अधिकारी शामिल रहे।

### हेल्पलाइन नंबर करेंगे सार्वजनिक

*बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि सभी विभाग अपने अधिकार क्षेत्र में आवारा कुत्तों के काटने की स्थिति में उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं से संबंधित हेल्पलाइन नंबर सार्वजनिक करेंगे। इन हेल्पलाइन नंबरों को प्रमुख स्थानों में प्रदर्शित किया जाएगा ताकि किसी भी आपात स्थिति में आमजन को तुरंत चिकित्सा सहायता मिल सके और लोगों में जागरूकता बढ़े। सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के तहत जिन विभागों और संस्थानों को शामिल किया गया है, उन्हें अपनी-अपनी बाउंड्री वॉल का निर्माण या सुदृढ़ीकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।*

### स्वयंसेवकों ने रैली निकालकर दिया नशा मुक्ति का संदेश

**बरवाला।** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुलेरी में एनएसएस शिविर के दौरान आज नशा मुक्त भारत' अभियान के तहत स्वयंसेवकों ने जागरूकता रैली निकालकर नशा मुक्ति का संदेश दिया। मुख्य अतिथि सब-इंस्पेक्टर हवा सिंह और एएसआई कमल जीत तथा एएसआई सुमन ने रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया। स्वयंसेवकों ने हाथों में स्लोगन लिखी पट्टियां लेकर पूरे गांव में ग्रामीणों को नशे के खिलाफ जागरूक किया।

इस दौरान प्रवक्ता राजबीर कौर और संजू ने भी युवाओं को इस अभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। प्रोग्राम अधिकारी राजकुमार ने बताया कि नए साल के पहले दिन विद्यार्थियों ने रैली के माध्यम से समाज को बुराइयों से दूर रहने का संदेश दिया है। पुलिस टीम ने इस पहल की सराहना करते हुए विद्यार्थियों को नशा मुक्त जीवन जीने की शपथ भी दिलाई।

### विश्वविद्यालय शैक्षणिक सत्र 2026-27 में शुरू करेगा नए रोजगारपरक कोर्स

# बीएससी नर्सिंग व पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग कोर्स शुरू करने वाला गुजवि पहला विवि बना

ड्रोन टेक्नोलॉजी, कृत्रिम बौद्धिकता, भारतीय ज्ञान परंपरा, मेंटल हेल्थ एंड ह्यूमन वैल-बींग में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित करेगा विश्वविद्यालय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हिसार। पत्रकारों से बातचीत करते कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई। फोटो : हरिभूमि

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय निरंतर नए आयामों को छू रहा है। विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग और बेहतर हो रही हैं। विश्वविद्यालय द्वारा नए रोजगारपरक कोर्स शुरु किए जा रहे हैं। पेरामेडिकल कोर्सों में बीएससी नर्सिंग तथा पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग कोर्स शुरू करने वाला गुजवि हरियाणा प्रदेश का पहला शैक्षणिक विश्वविद्यालय बन गया है। विश्वविद्यालय शैक्षणिक सत्र 2026-27 में भी नए रोजगारपरक कोर्स आरंभ करने की योजना बना रहा है। विश्वविद्यालय आधुनिक मॉडल के आधार पर उद्योगों की मांग पर आधारित कोर्सों के साथ-साथ ड्रोन टेक्नोलॉजी, कृत्रिम बोद्धिकता, भारतीय ज्ञान परम्परा तथा मेंटल हैल्थ एंड ह्युमन वैल-बींग में सेंटर ऑफ एक्सिलेंस भी स्थापित करेगा। यह बात विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने नववर्ष के उपलक्ष्य पर पत्रकारों से बातचीत में कही।

उन्होंने कहा कि गुजवि भविष्य में शिक्षा शोध नवाचार व सामाजिक दायित्वों को पूरा करने में न केवल भारत में बल्कि विश्व में अपनी पहचान को और अधिक मजबूत करेगा। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डा. विजय कुमार, डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. योगेश चाबा, तकनीकी सलाहकार प्रशासनिक प्रो. विनोद छोकर, तकनीकी सलाहकार एचआरएम प्रो. संदीप राणा, डीन ऑफ कॉलेजिज प्रो. संजीव कुमार, डायरेक्टर पब्लिक आउटरीच एंड रिलेशंस प्रो. दलबीर सिंह व उपनिदेशक जनसम्पर्क डा. बिजेन्द्र दहिया उपस्थित रहे।

कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कहा कि विश्वविद्यालय ने गत दो शैक्षणिक सत्रों में 25 से अधिक स्नातक (अंडरग्रेजुएट) और स्नातकोत्तर (पोस्टग्रेजुएट) पाठ्यक्रम शुरू किए हैं। विश्वविद्यालय द्वारा 21 ओडीएल तथा 40 ऑनलाइन कोर्स भी शुरू किए गए हैं। विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों की संख्या गत दो शैक्षणिक सत्रों में 5500 से बढ़कर 13 हजार हो गई है। इनमें 850 शोधार्थी हैं। विश्वविद्यालय की शोध तथा शैक्षणिक उत्कृष्टता को देखते हुए प्रतिष्ठित फंडिंग एजेंसियों द्वारा रिसर्च प्रोजेक्टस दिए जा रहे हैं। गुजवि को राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (रूसा) के तहत 10 करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट मिले हैं तथा एएनआरएफ पेयर स्कीम के तहत भी 10.00 करोड़ अनुदान प्राप्त हुआ है। ग्लोबल इनिशिएटिव ऑफ एकेडमिक नेटवर्क्स (ज्ञान) कार्यक्रम के तहत विश्वविद्यालय ने भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय को 25 प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए हैं।

#### अप्रेंटिसशिप इन इम्बेडिड कोर्स शुरू होंगे

आधुनिक मॉडल के आधार पर उद्योगों की मांग पर आधारित कोर्सों के साथ-साथ ड्रोन टेक्नोलॉजी, कृत्रिम बोद्धिकता, भारतीय ज्ञान परम्परा तथा मेंटल हेल्थ एंड ह्यूमन वैल-बींग में सेंटर ऑफ एक्सिलेंस भी स्थापित करने के साथ-साथ विश्वविद्यालय आगामी सत्र से अप्रेंटिसशिप इन इम्बेडिड (डिप्लोमा एंड डिग्री) शुरु कर रहा है। ये कोर्स उद्योगों के सहयोग से संचालित किया जाएगा। विश्वविद्यालय द्वारा बीएससी क्लीनिकल साइकोलॉजी, बीएससी मेडिकल लेबोरेटरी टेक्नीशियन कोर्स के अतिरिक्त डिप्लोमा इन जेएनएम, आदि कोर्स भी शुरू किए जाएंगे।

#### विश्वविद्यालय की बेस्ट प्रेक्टिसिस

विश्वविद्यालय परिसर सकारात्मक एवं गौरवपूर्ण ऊर्जा से परिपूर्ण है। विश्वविद्यालय में शिक्षकों, कर्मचारियों व विद्यार्थियों के लिए लगातार स्वास्थ्य जांच शिविर लगाए जाते हैं। उच्च स्तरीय स्वच्छता मापदंडों को अपनाया जाता है। विद्यार्थियों को समुचित न्यूट्रिशन युक्त भोजन दिया जाता है। विश्वविद्यालय का परिसर एनीमिया फ्री परिसर बनाया जा रहा है। विश्वविद्यालय परिसर स्वच्छ तथा हरित है। विश्वविद्यालय के दुर्लभ व विशेष गुणों वाले पौधों की जियो-टैगिंग भी होगी। विश्वविद्यालय में सिंगल यूज प्लास्टिक बैन है तथा परिसर कचरा मुक्त है।

#### रैंकिंग और शोध की उपलब्धियां

गुजविप्रौवि ने एनआईआरएफ 2025 रैंकिंग में राज्य सार्वजनिक विश्वविद्यालय श्रेणी में 32वां स्थान प्राप्त किया और राष्ट्रीय स्तर पर 101-150 रैंक बैंड में जगह बनाई। विश्वविद्यालय ने इस रैंकिंग में सतत विकास लक्ष्यों श्रेणी में 11-50 रैंक बैंड में पहली बार अपना स्थान बनाया। इसके अतिरिक्त एनआईआरएफ 2025 रैंकिंग में फार्मेसी श्रेणी में 49वां स्थान प्राप्त किया। इस रैंकिंग में प्रबंधन श्रेणी में 101-125 रैंक बैंड में, विश्वविद्यालय श्रेणी में 101-150 रैंक बैंड, ओवरऑल श्रेणी में 151-200 रैंक बैंड तथा इंजीनियरिंग श्रेणी में 201-300 रैंक बैंड हासिल किया है।

आदमपुर। नव वर्ष स्नेह मिलन समारोह में हलकावासियों से मुलाकात करके विधायक चंद्रप्रकाश। फोटो : हरिभूमि

### विधायक ने नव वर्ष पर कार्यकर्ताओं से की मुलाकात

# विधायक ने विकास कार्यों के प्रति जताई प्रतिबद्धता

सड़क, सीवर व पेयजल आपूर्ति लाइन का कार्य जल्द पूरा करवाने की सरकार से की जाएगी मांग : चंद्रप्रकाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आदमपुर

विधायक चंद्रप्रकाश ने नव वर्ष के अवसर पर आदमपुर के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में स्नेह मिलन समारोह आयोजित करके हलकावासियों व कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। उन्होंने नए साल की शुभकामनाएं देते हुए विकास कार्यों के प्रति प्रतिबद्धता भी जताई। चंद्रप्रकाश ने सभी के लिए सुख, शांति, समृद्धि व उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। उन्होंने कहा कि नव वर्ष में नई चेतना जगाते हुए और नए संकल्प के साथ जनता से मिलकर कार्य किए जाएंगे। मिलन समारोह के दौरान लोगों ने आदमपुर से संबंधित समस्याओं को भी विधायक चंद्रप्रकाश ने समक्ष रखा। विधायक चंद्रप्रकाश ने कहा कि आदमपुर के विकास के लिए वे पूरी शिद्दत से प्रयत्नशील हैं।

#### मूलभूत सुविधाओं की सख्त दरकार

आदमपुर में मूलभूत सुविधाओं की सख्त दरकार है। उन्होंने कहा कि सरकार ने 31 दिसंबर तक सडक, सीवर व पेयजल आपूर्ति लाइन का कार्य पूरा करवाने का आश्वासन दिया था लेकिन सभी कार्य अधर में लटके हैं। उन्होंने कहा कि वे सरकार को स्पष्ट कर चुके हैं कि आदमपुरवासी जर्जर सडक़ों व लचर सीवर व्यवस्था से परेशान हैं और स्वच्छ पेयजल आपूर्ति की नितांत आवश्यकता है। इन विकास कार्यों को हर हाल में पूरा करवाकर जनता को राहत प्रदान की जाए।

हिसार। समापन समारोह में उपस्थित स्कूल स्टाफ व विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

#### गांव तलवंडी रुक्का में एनएसएस शिविर का समापन

हिसार। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तलवंडी रुक्का में 24 दिसंबर से आयोजित सात दिवसीय एनएसएस शिविर का समापन हो गया है। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रमेश कुमार ने बताया कि कैंप का शुभारंभ विद्यालय की प्राचार्या रेणु श्योराण ने किया एवं छात्रों को स्वावलंबी बनने के लिए प्रेरित किया। सात दिवसीय शिविर में बच्चों को विभिन्न गतिविधियों से जीवन रूपी रण-क्षेत्र में चुनौतियों का सामना कैसे करें, यह सिखाया गया। सात दिवसीय शिविर में मुख्य रूप से सड़क सुरक्षा, नशा मुक्ति,एड्स, वर्तमानकालीन सामाजिक मुद्दे, स्वदेशी का महत्व, प्राथमिक चिकित्सा, साइबर क्राइम, स्वावलंबी भारत आदि पर चर्चा की गई। इस मौके पर दामोदर सिंह, राजेश सहारण, कुलदीप, कृष्ण, कुलबीर, सुनील, सुरेश आदि उपस्थित रहे।

#### सरकार की नीतियों के खिलाफ जिला स्तरीय प्रदर्शन 16 जनवरी को

हिसार। किसानों की मांगों के लिए एसडीएम कार्यालय के समक्ष अखिल भारतीय किसान सभा की हिसार तहसील कमेटी का धरना गुरुवार को 67वें दिन भी जारी रहा। धरने की अध्यक्षता तहसील प्रधान रमेश मिरकां ने की तथा संचालन सचिव अभयराम फौजी ने किया। धरने को संबोधित करते हुए तहसील प्रधान रमेश मिरकां व सचिव अभयराम फौजी ने बताया कि किसानों की मांगों को लेकर किसान सभा 67 दिन से एसडीएम कार्यालय पर धरना दे रही है, लेकिन सरकार व प्रशासन धरना को गंभीरता से नहीं ले रहा है। उन्होंने बताया कि सरकार के खिलाफ आगामी 16 जनवरी को अखिल भारतीय किसान सभा, खेतहार मजदूर व सीटू मिलकर जिला मुख्यालय पर बड़ा प्रदर्शन करेंगे। इस मौके पर राज्य उपप्रधान शमशेर नम्बरदार, लक्ष्मण शाहपुर, रतन मात्रश्याम, कमला देवी, बलराज सहरावत, सुरेन्द्र मान, शकुंतला जाखड़, बलबीर मान, रोशन लाडवा, संतोष व राजबीर सरपंच आदि मौजूद रहे।

# प्रशिक्षण कार्यक्रम विकास में निभाते हैं अहम भूमिका

- श्री काली देवी विद्या मंदिर में क्षमता निर्माण पर प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

श्री काली देवी विद्या मंदिर में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के क्षमता निर्माण कार्यक्रम के अंतर्गत अंग्रेजी भाषा एवं साहित्य विषय पर द्विदिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों को नवीन शिक्षण विधियों, पाठ्यक्रम की गहन समझ तथा विद्यार्थियों में भाषा कौशल विकसित करने की प्रभावी रणनीतियों से अवगत कराना था। कार्यक्रम में सीबीएसई द्वारा मनोनीत अनुभवी रिसोर्स पर्सन कनिका एवं अनीता ने अपने विशेषज्ञ मार्गदर्शन से प्रशिक्षण प्रदान किया। उन्होंने अंग्रेजी भाषा शिक्षण में संवादात्मक तकनीकों, साहित्य के प्रभावी अध्यापन, मूल्यांकन पद्धतियों तथा कक्षा शिक्षण को रोचक एवं विद्यार्थी-केंद्रित बनाने के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। शिक्षकों ने कार्यक्रम को अत्यंत उपयोगी, ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायी बताया।

कार्यक्रम के समापन अवसर पर विद्यालय प्राचार्या गीता मेहता ने रिसोर्स पर्सन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रशिक्षण कार्यक्रम शिक्षकों के व्यावसायिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

हांसी। प्रशिक्षण शिविर में भाग लेते श्री काली देवी विद्या मंदिर के शिक्षकों के साथ रिसोर्स पर्सन कनिका एवं अनीता फोटो : हरिभूमि

# घर-घर कचरा सेग्रीगेशन को अधिक से अधिक सुनिश्चित करें

- खुले में या सड़कों पर कचरा फेंकने वालों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

शहर की स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक प्रभावी व मजबूत बनाने के उद्देश्य से नगर निगम के मुख्य सभागार में निगमायुक्त नीरज की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक की गई। बैठक में अतिरिक्त आयुक्त शालिनी चेतल, विशेष स्वच्छता अधिकारी हरबीर सिंह, अतिरिक्त निगमायुक्त डॉ. प्रदीप हुड्डा सहित सभी असिस्टेंट सेनेटरी इंस्पेक्टर (एएसआई) और हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर (एचएसआई) मौजूद रहे। बैठक में विचार-विमर्श करते हुए निगमायुक्त नीरज ने कहा कि फील्ड में कार्यरत एचएसआई घर-घर कचरा सेग्रीगेशन (सूखा और गीला कचरा अलग-अलग) को अधिक से अधिक सुनिश्चित करें। निगमायुक्त ने कहा कि स्वच्छता अभियान तभी सफल हो सकता है जब आम नागरिक इसमें सक्रिय रूप से भागीदारी करें और कचरे का सही ढंग से पृथक्करण करें। क्योंकि पृथक्करण करने के उपरांत कचरे का प्रत्येक भाग रीसायकल, रीड्यूज अथवा कम्पोस्ट में बदला जा सकता है।

#### एएसआई कार्यों की सख्त निगरानी करें

निगमायुक्त नीरज ने निर्देश दिए कि सभी एएसआई अपने-अपने क्षेत्र में एचएसआई द्वारा किए जा रहे कार्यों की सख्त निगरानी करें। यदि फील्ड में कार्य करते समय एचएसआई को किसी प्रकार की समस्या आती है, तो उसका तत्काल समाधान संबंधित एएसआई द्वारा किया जाना चाहिए, जिससे स्वच्छता कार्यों में बाधा न आए। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि सभी एएसआई घरों, दुकानों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में कचरा सेग्रीगेशन पर बल दे व इसे निवासियों द्वारा पृथक्करण करवाना सुनिश्चित करें। निगमायुक्त ने निर्देश दिए कि जो लोग खुले में या सड़कों पर कचरा फेंकते हैं, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और नियमों के तहत चालान काटे जाएं।

#### गीला व सूखा कचरा अलग-2 करें

नगर निगम ने कचरा संग्रहण के लिए डोर-टू-डोर व्यवस्था की गई है। शहरवासियों से अपील है कि अपने घर, दुकान व प्रतिष्ठान गीला कचरा, सूखा कचरा और हानिकारक कचरा अलग-अलग करें और नगर निगम की गाड़ियों में अलग-अलग ही डालें।

- प्रवीण पोपली, मेयर।

#### 6 टन गीला कचरा अलग हो रहा प्राप्त

नागरिकों के द्वारा कचरा सेग्रीगेशन कई क्षेत्रों में बहुत अच्छे ढंग से किया जा रहा है। जिससे लगभग 6 टन गीला कचरा अलग से प्राप्त हो रहा है। नागरिकों से अनुरोध है कि अपने घर, दुकान, प्रतिष्ठान के कचरे का पृथक्करण करें ताकि कचरे का कोई भी भाग वेस्ट न जाए। कचरा डस्टबिन में ही डाले पॉलीथिन में न डालें।

- नीरज, निगमायुक्त।

# अंडरपास की मांग को लेकर 15 तक का अल्टीमेटम

उकलाना। अधिकारी को ज्ञापन देते स्थानीय लोग। फोटो : हरिभूमि

- काम रोको आंदोलन व अनिश्चितकालीन धरना होगा शुरू : महेश बंसल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उकलाना

सिरसा–चंडीगढ़ मार्ग पर निर्माणाधीन रेलवे ओवरब्रिज पर नियमों के अनुसार प्रस्तावित रेलवे अंडरपास को अधिकारियों द्वारा निरस्त किए जाने की सूचना मिलने के बाद स्थानीय लोगों में भारी रोष व्याप्त है। पिछले काफी समय से प्रशासन की ओर से अंडरपास बनाए जाने का आश्वासन दिया जा रहा था, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई न होने से जनता का सब्र जवाब दे गया।

इसी को लेकर सैकड़ों स्थानीय लोगों ने नायब तहसीलदार के माध्यम से रेल मंत्री, मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि पूर्व में प्रस्तावित रेलवे अंडरपास का निर्माण अविलंब किया जाए, अन्यथा 15 जनवरी के बाद ओवरब्रिज से संबंधित किसी भी प्रकार का कार्य नहीं होने दिया जाएगा, जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। इस अवसर पर सर्व व्यापार मंडल के अध्यक्ष महेश बंसल ने कहा कि यह जनहित से जुड़ा मामला है। यदि 15 जनवरी तक अंडरपास निर्माण को लेकर कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया, तो मजबूरन अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया जाएगा और निर्माण कार्य पूरी तरह रोक दिया जाएगा।

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर राजकुमार, वीरू राम, सुरेश कुमार, प्रवीण शर्मा, कृष्ण कबाड़ी, जिले सिंह, महेंद्र दहमनिया, महेंद्र सिंह सहित 100 से अधिक लोग मौजूद रहे।

# बाबा बंदा बहादुर स्कूल में क्लास रुम मैनेजमेंट प्रशिक्षण शिविर आयोजित

हांसी : क्लास रुम मैनेजमेंट को लेकर आयोजित प्रशिक्षण शिविर में भाग लेते बाबा बंदा बहादुर पब्लिक स्कूल के शिक्षकों के साथ ट्रैनर वंदना व सुमन कुमारी फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

बाबा बंदा बहादुर पब्लिक स्कूल में सीबीएसई की तरफ से क्लासरूम मैनेजमेंट विषय पर दो दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वंदना कटोच (गवर्नमेंट नेशनल कॉलेज, सिरसा) व सुमन कुमारी (आर्मी पब्लिक स्कूल हिसार, कैन्ट ) से रिसोर्स पर्सन के रूप में उपस्थित रही। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य शिक्षण प्रक्रिया को अधिक सुगम बनाना और कक्षा में छात्रों के व्यवहार व अनुशासन को सकारात्मक तरीके से प्रभावित करना था।

शिक्षा विशेषज्ञों ने आधुनिक तरीके में तकनीक के उपयोग और छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए कक्षा संचालन के विभिन्न गतिविधियों में भाग लेकर नई शिक्षण तकनीकों को सीखा। विद्यालय की प्रधानाचार्या लवली चावला ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि कक्षा प्रबंधन केवल अनुशासन बनाये रखने के बारे में नहीं है, बल्कि एक ऐसा वातावरण तैयार करने के बारे में हैं जहां हर बच्चा सुरक्षित और सीखने के लिए प्रेरित महसूस करें।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005

फ्रेशर्स पार्टी

### महाराजा अग्रसेन कॉलेज ऑफ नर्सिंग में फ्रेशर्स पार्टी का रंगारंग आयोजन

# नर्सिंग केवल पेशा नहीं, बल्कि सेवा व संवेदना का पवित्र माध्यम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

महाराजा अग्रसेन कॉलेज ऑफ नर्सिंग में नवप्रवेशित विद्यार्थियों के स्वागत के लिए फ्रेशर्स पार्टी का भव्य, गरिमामय एवं सांस्कृतिक रंगों से सजा आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व सांसद जनरल डीपी वत्स द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। शुभारंभ के साथ ही पूरा परिसर उत्साह, अनुशासन और सकारात्मक ऊर्जा से भर उठा। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में महाविद्यालय निदेशक डॉ. अलका छाबड़ा एवं निदेशक (पैरामेडिकल) डॉ. आशुतोष शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति रही। मंचासीन अतिथियों का पारंपरिक स्वागत एवं सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि जनरल वत्स ने अपने प्रेरक उद्बोधन में कहा कि नर्सिंग केवल एक पेशा नहीं, बल्कि सेवा, संवेदना और समर्पण का पवित्र माध्यम है।

उन्होंने विद्यार्थियों से अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा और मानवता को अपने जीवन का मूल मंत्र बनाने का आह्वान किया तथा कहा कि नर्सिंग विद्यार्थी समाज और राष्ट्र की सेवा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। पैरामेडिकल निदेशक डॉ. आशुतोष शर्मा ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी।

हिसार। कार्यक्रम प्रस्तुत करते मेडिकल कॉलेज के विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

हिसार। नव प्रवेशित विद्यार्थियों को सम्मानित करते मेडिकल कॉलेज के अधिकारी।

#### रैम्प वॉक एवं टैलेंट सर्च रहा मुख्य आकर्षण

- विद्यार्थियों ने आत्मविश्वास और रचनात्मकता का शानदार प्रदर्शन किया

कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण रैम्प वॉक एवं टैलेंट सर्च रहा, जिसमें विद्यार्थियों ने आत्मविश्वास और रचनात्मकता का शानदार प्रदर्शन किया। इसके साथ ही विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत गणेश वंदना, हरियाणवी, राजस्थानी, बॉलीवुड, गिद्दा, भांगड़ा तथा शिव नृत्य ने कार्यक्रम में सांस्कृतिक विविधता और आध्यात्मिक भाव का सुंदर समावेश किया। रंगारंग प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया और तालियों की गूंज से पूरा सभागार भर उठा। कार्यक्रम के अंत में आयोजित प्रतियोगिताओं के आधार पर "मिस्टर-मिस फ्रेशर" का चयन किया गया, जिसे मंच से सम्मानित किया गया। इस दौरान गीता वत्स, डॉ करणदीप, नर्सिंग प्राचार्या डॉ प्रोमिला पांडे, डॉ रोज, डॉ शालू, डॉ पूनम शर्मा, अनुप्रभा, ज्योति, ललिता, दीक्षा, रंजीत, आशा, इशिता, शिक्षा, प्रियंका, सीमा, अभिलाष, पूनम सहित महाविद्यालय की फैकल्टी, कर्मचारी व विद्यार्थी मौजूद रहे।